पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने डा0 अम्बेडकर के जन्म दिवस पर बधाई दी

लखनऊः 13 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हंै।

राज्यपाल ने अपने सन्देश में कहा है कि डा0 भीमराव अम्बेडकर महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी महापुरूष थे। वे भारत के संविधान के शिल्पकार थे। डा0 अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन समता और मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

श्री नाईक ने कहा कि देशभर में पूरे वर्ष बाबा साहब की जयन्ती से जुडे आन्दोलन को बड़ी गंभीरता से मनाया गया। उन्होनें कहा कि बाबा साहब के संघर्ष भरे जीवन और उनके दर्शन से प्रेरणा लेकर देश के नव-निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिये सभी को समर्पित भाव से कार्य करना होगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (148/24)